कार्यालयः सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश

23 एलनगंज, प्रयागराज, पिन कोड - 211002
दूरभाष सं./फैक्स नं. 0532-2466769, 0532-2467504 Website: https:\\updeled.gov.in
ई-मेल आई डीः- secretarypnp.up@gmail.com, updeled@gmail.com

विज्ञप्ति

डी.एल.एड. प्रशिक्षण-2024 हेतु ऑन-लाइन आवेदन

डी०एल०एड० प्रशिक्षण 2024 ऑनलाइन आवेदन एवं प्रवेश/ चयन प्रक्रिया हेतु निर्गत शासनादेश सं० 941/अरसठ-4-2024-2067/2013 बेसिक शिक्षा अनुभाग-4, दिनांक 09.09.2024 में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में, प्रदेश के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों, सी०टी०ई० वाराणसी तथा निजी डी०एल०एड० प्रशिक्षण संस्थानों, जिन्हें एन०सी०टी०ई० की मान्यता उपरान्त उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संबद्धता प्रदान की गयी है, में डी०एल०एड० प्रशिक्षण-2024 हेतु इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करते हुए, अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि-

1. अभ्यर्थियों को अपने ऑनलाइन आवेदन में अंकित प्रविष्टियों में संशोधन का कोई अवसर देय नहीं है। अतः अभ्यर्थी डी०एल०एड० प्रशिक्षण 2024 ऑनलाइन आवेदन के समय, पंजीकरण फार्म फाइनल सेव होने से पूर्व, अपने ऑनलाइन अंकित प्रविष्टियों का मिलान, मूल अभिलेखों से अवश्य कर लें।

2. डी०एल०एड० प्रशिक्षण 2024 ऑन लाइन आवेदन से पूर्व अभ्यर्थी, वेबसाइट पर उपलब्ध शासनादेश एवं दिशानिर्देशों का भली-भाँति अध्ययन कर लें।

3. उत्तर प्रदेश राज्य के अभ्यर्थियों के अतिरिक्त सभी अभ्यर्थी अनारक्षित (Unreserved) श्रेणी में मान्य होंगे, ऐसे अभ्यर्थियों को किसी भी तरह का आरक्षण देय नहीं होगा।

4. डी०एल०एड० प्रशिक्षण हेतु राज्य सरकार से सम्बद्धता प्राप्त अल्पसंख्यक संस्थानों द्वारा भी डी०एल०एड० प्रशिक्षण 2024 के अन्तर्गत प्रवेश/चयन की कार्यवाही, उक्त शासनादेश दिनांक 09.09.2024 में निर्धारित शैक्षिक अर्हता, आयु एवं शासनादेश के बिन्दु सं० 11 में अल्पसंख्यक संस्थानों हेतु दिये गये निर्देशानुसार सम्पादित करायी जायेगी।

5. ऑनलाइन आवेदन हेतु शैक्षिक अर्हता, आयु, आवेदन शुल्क, चयन का मानक एवं अन्य शर्तों सहित सामान्य एवं परिचालन सम्बन्धित तकनीकी दिशा-निर्देश वेबसाइट https://updeled.gov.in पर उपलब्ध है। इसी वेबसाइट पर ऑन लाइन पंजीकरण फॉर्म, आवेदन शुल्क जमा करने हेतु ICICI BANK का Payment Link एवं ऑन लाइन आवेदन-पत्र उपलब्ध है। इस हेतु निर्धारित समय सारिणी निम्नवत् है –

1.	ऑन लाइन पंजीकरण प्रारम्भ होने की तिथि	18.09.2024 (अपराहन से)
2.	ऑन लाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि	09.10.2024
3.	ऑन लाइन आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि	10.10.2024
4.	पूर्ण आवेदन के प्रिंट आउट लेने की अंतिम तिथि	12.10.2024

ऑन लाइन माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार्य एवं विचारणीय नहीं होंगे।

(अनिल भूषण चतुर्वेदी)
सचिव,
परीक्षा नियामक प्राधिकारी उ०प्र०, प्रयागराज

पत्रांकः गोप./डी.एल.एड.-24/3151-54/2024-25
दिनांक- 11 सितम्बर, 2024